Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala **Date: 06-09-2024**

प्लेसमेंट ड्राइव में दो को मिला रोजगार

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा हैप्पी रेंटल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से वीरवार को मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों रोहित एवं देवेश सैनी का चयन हुआ। शिवविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के उपनिदेशक व प्लेसमेंट ड्राइव के समन्वयक डॉ. सूरज आर्य ने बताया कि हैप्पी रेंटल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है। संवाद

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Navoday Times **Date: 06-09-2024**

हकेवि के दो विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान मिला रोजगार

महेंद्रगढ़ 5 सितम्बर (ब्यूरो):हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा हैप्पी रेंटल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से गुरुवार 2024 को मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, इसमें विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों रोहित एवं देवेश सैनी का चयन हुआ। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के उपनिदेशक व प्लेसमेंट ड्राइव के समन्वयक डॉ. सूरज आर्य ने बताया कि हैप्पी रेंटल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा इस प्लेसमेंट ड्राइव को दो चरणों में पूरा किया गया। पहला राउंड विद्यार्थियों की प्रोग्रामिंग स्किल तथा दूसरा राउंड मानवीय संसाधन से संबंधित रहा। लिखित परीक्षा, टेक्निकल राउंड व एचआर इंटरव्यू राउंड को सफलता पूर्वक पास करने के बाद कंपनी की मैनजिंग पार्टनर सुश्री संगीता श्रीवास्तव ने परिणाम घोषित किया और रोहित व देवेश सैनी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना व उपनिदेशक डॉ. दिव्या ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सेल द्वारा भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रहेंगे।

नवोदय टाइम्स
Fri, 06 September 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/7579